# प्रीस्कूल क्षेत्र अधिकारी कार्यक्रम

## प्रीस्कूल क्षेत्र अधिकारी [Preschool Field Officer (PSFO)] कार्यक्रम क्या है?

पीएसएफओ कार्यक्रम को विक्टोरिया सरकार द्वारा वित्त-पोषित किंडरगार्टन सेवाओं को व्यावहारिक सलाह और सहायता देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों के समावेश, सुलभता, सीखने और विकास तथा सार्थक भागीदारी के लिए उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सके।

पीएसएफओ सूचना, संसाधन, कार्यक्रम कार्यनीतियों समेत कई प्रकार के समर्थन प्रदान करते हैं, जो शिक्षक द्वारा बच्चे की अतिरिक्त आवश्यकताओं की पहचान, शिक्षक की कोचिंग, विशिष्ट कार्यनीतियों की मॉडलिंग और रेफरल मार्गपथों की पहचान में योगदान देते हैं। ये समर्थन शिक्षकों को अपने आत्मविश्वास, ज्ञान और कुशलताओं का निर्माण करने में सहायता देते हैं, ताकि वे एक ऐसे समावेशी किंडरगार्टन कार्यक्रम की योजना बना सकें और उसे उपलब्ध करा सकें, जो अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों की ज़रूरतों के प्रति उत्तरदायी हों।

## पीएसएफओ सेवा के लिए कौन पात्र है?

विक्टोरिया द्वारा वित्त-पोषित सभी किंडरगार्टन कार्यक्रम पीएसएफओ सेवा प्राप्त करने के लिए पात्र हैं, ताकि वे किंडरगार्टन कार्यक्रम में अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों की सुलभता, समावेश और भागीदारी को समर्थित कर सकें। इसमें चार-वर्षीय बच्चों के किंडरगार्टन, तीन-वर्षीय बच्चों के वित्त-पोषित किंडरगार्टनऔर एर्ली स्टार्ट किंडरगार्टन में भर्ती बच्चे शामिल हैं।

## अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चे

पीएसएफओ कार्यक्रम अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों को विकासात्मक चिंताओं से ग्रस्त बच्चों के रूप में परिभाषित करता है। विकासात्मक चिंताएँ बच्चों के विकास के किसी भी क्षेत्र से जुड़ी हुई हो सकती हैं, जैसे भाषात्मक विलंब या चुनौतीपूर्ण व्यवहार से लेकर एकाधिक विकलांगताओं से ग्रस्त बच्चों तक। अभिघात के परिणामस्वरूप अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चे भी पीएसएफओ रेफरल के लिए पात्र होते हैं।

©विक्टोरिया राज्य (शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग) 2021. जहाँ अन्यथा उल्लेख किया गया हो, उसके अतिरिक्त इस दस्तावेज में निहित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत प्रदान की गई है। कृपया संपूर्ण कॉपीराइट नोटिस देखें।

यदि किसी बच्चे के विकास को [राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस)] या आरंभिक बचपन हस्तक्षेप निरंतरता समर्थन प्रदाता द्वारा समर्थित किया जाता है, तो यह उम्मीद की जाती है कि परिवार के साथ परामर्श करके बालवाड़ी शिक्षक सबसे पहली बार में ही इस प्रदाता से समर्थन की मांग करेंगे। आरंभिक बचपन हस्तक्षेप पेशेवर बच्चे को अपने साथियों के साथ सीखने के अनुभवों में सार्थक रूप से भाग लेने में सहायता देने वाली कार्यनीतियाँ उपलब्ध करा सकते हैं, जो ऐसे अन्य परिवेशों में लागू की जा रही कार्यनीतियों के अनुरूप होती हैं जहाँ बच्चा अपना समय व्यतीत करता है।

## क्या पीएसएफओ सेवा के लिए कोई शुल्क है?

पीएसएफओ कार्यक्रम राज्य द्वारा वित्त-पोषित सभी किंडरगार्टन सेवाओं के लिए सार्वभौमिक सेवा के दायरे में बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है।

## पीएसएफओ सेवा कौन उपलब्ध कराता है?

शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) पूरे राज्य-भर में पीएसएफओ सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामुदायिक सेवा संगठनों और स्थानीय परिषदों को वित्त-पोषित करता है। सेवा एक आउटरीच मॉडल का उपयोग करती है, जिसके माध्यम से पीएसएफओ किंडरगार्टन कार्यक्रम और परिवेश के दायरे में सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हो पाता है।

## पीएसएफओ की योग्यताएँ क्या होती हैं?

चूंकि पीएसएफओ की भूमिका किंडरगार्टन शिक्षकों की क्षमता का निर्माण करना है, इसलिए पीएसएफओ को एक डिग्री-प्राप्त आरंभिक बचपन शिक्षक होना आवश्यक है, जिसे ऊँची गुणवत्ता के समावेशी किंडरगार्टन कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें वितरित करने में अनुभव प्राप्त है।

## क्या पीएसएफओ परिवारों के साथ मिलकर काम करते हैं?

पीएसएफओ किंडरगार्टन कार्यक्रम के संदर्भ में काम करते हैं। पीएसएफओ किंडरगार्टन परिवेश में बच्चे को सीधे हस्तक्षेप प्रदान नहीं करते हैं, बल्कि वे आरंभिक बचपन शिक्षक के सलाहकार और कोच के रूप में काम करते हैं। इस दृष्टिकोण के तहत किंडरगार्टन परिवेश में बच्चे और परिवार के साथ सीधे संपर्क किया जाना शामिल हो सकता है, किंतु यह काम आरंभिक बचपन शिक्षक के सहयोग से और उनके माध्यम से इस प्रकार से किया जाता है जहाँ बच्चे और परिवार के साथ शिक्षक के लगातार चल रहे संबंधों का सम्मान किया जाता है। पीएसएफओ किंडरगार्टन के परिवेश में सीधे बच्चे का निरीक्षण कर सकते हैं और बच्चे की क्षमताओं के साथ-साथ उसके सीखने और विकास-संबंधी आवश्यकताओं के बारे में शिक्षक के आकलन में योगदान दे सकते हैं। पीएसएफओ अनेकानेक उपलब्ध समर्थनों के

©विक्टोरिया राज्य (शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग) 2021. जहाँ अन्यथा उल्लेख किया गया हो, उसके अतिरिक्त इस दस्तावेज में निहित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत प्रदान की गई है। कृपया संपूर्ण कॉपीराइट नोटिस देखें।

लिए परिवारों की पहचान करने और उनके साथ परिवारों को जोड़ने में शिक्षकों की सहायता करते हैं और किंडरगार्टन कार्यक्रम में शिक्षक द्वारा बच्चे के कार्यक्रम की योजना बनाने में उन्हें सहायता देते हैं।

पीएसएफओ सेवा अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं का उत्तर देने के लिए आरंभिक बचपन शिक्षकों का समर्थन करती है, इसलिए आरंभिक बचपन शिक्षक के लिए यह आवश्यक है कि वे पीएसएफओ से सहायता प्राप्त करने से पूर्व माता-पिता/अभिभावकों/देखभालकर्ताओं से उनके बच्चे के साथ पीएसएफओ की भागीदारी के लिए सूचित सहमति प्राप्त करें।

## क्या माता-पिता पीएसएफओ कार्यक्रम से संपर्क कर सकते हैं?

वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले जिन बच्चों के माता-पिता अपने बच्चे के विकास को लेकर चिंतित हैं, उन्हें सबसे पहले अपने बच्चे के आरंभिक बचपन शिक्षक के साथ चिंताओं पर चर्चा करनी चाहिए। यदि कोई माता/पिता पीएसएफओ कार्यक्रम से सीधे संपर्क करते हैं, तो रेफरल की प्रगति के लिए पीएसएफओ संगत शिक्षक से संपर्क करेंगे।

## आरंभिक बचपन शिक्षकों की क्षमता निर्माण का क्या अर्थ है?

पीएसएफओ का क्षमता निर्माण दृष्टिकोण किंडरगार्टन शिक्षकों को इन बातों के लिए समर्थन देता है:

- ज्ञान और कुशलताएँ प्राप्त करना, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ कार्यप्रथाएँ लागू कर सकें और ऐसे कार्यक्रम उपलब्ध करा सकें जो समावेशी किंडरगार्टन परिवेश में अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों की व्यक्तिगत क्षमताओं, हितों और आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेह हैं
- स्वयं को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखना, जिसके पास किंडरगार्टन कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों के लिए योजना बनाने की जिम्मेदारी और क्षमता है, और इसका अर्थ मात्र एक विशेष कुशलताएँ-प्राप्त विशेषज्ञ का स्वरूप ही नहीं हैं जो अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले बच्चों के सीखने व विकास में समर्थन प्रदान कर सकता है
- माता-पिता को अपने बच्चे के विकास के बारे में चिंताओं का उत्तर देना।

और अधिक जानकारी के लिए प्रीस्कूल क्षेत्र अधिकारी कार्यक्रम देखें।



©विक्टोरिया राज्य (शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग) 2021. जहाँ अन्यथा उल्लेख किया गया हो, उसके अतिरिक्त इस दस्तावेज में निहित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत प्रदान की गई है। कृपया संपूर्ण कॉपीराइट नोटिस देखें।

# किंडरगार्टन कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध अन्य समर्थन

पीएसएफओ की भूमिका अन्य विशेषज्ञ सेवाओं और किंडरगार्टन समर्थनों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता की संपूरक है, जिसमें शामिल है:

- आरंभिक बचपन शिक्षकों का पेशेवर विकास
- गुणवत्तापूर्ण और नियामकों के अनुरूप आरंभिक बचपन शिक्षा और देखभाल समर्थन
- आरंभिक वर्ष प्रबंधन संगठन
- लुकआउट (LOOKOUT) शिक्षा और समर्थन केंद्र
- कूरी एँगेजमेंट सपोर्ट ऑफिसर (केईएसओ) और कूरी एजुकेशन कोऑर्डिनेटर (केईसी)
- आरंभिक बचपन हस्तक्षेप पेशेवर
- किंडरगार्टन इंक्लूज़न सपोर्ट (केआईएस) कार्यक्रम
- एक्सेस टु एर्ली एजुकेशन (एईएल)
- स्कूल रेडिनेस फंडिंग
    - एसआरएफ एलाइड हेल्थ सपोर्ट

# पीएसएफओ कार्यक्रम और स्कूल रेडिनेस फंडिंग (एसआरएफ) के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थनों के बीच क्या अंतर है?

पीएसएफओ सेवा वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध है, जो आरंभिक बचपन शिक्षक द्वारा अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले किसी विशिष्ट बच्चे को शामिल करने के लिए सहायता के निवेदन के उत्तर में होती है। पीएसएफओ द्वारा प्रदान की गई कार्यनीतियाँ किंडरगार्टन परिवेश में किसी विशिष्ट बच्चे की आवश्यकताओं के लिए योजना बनाने और उनका उत्तर देने के लिए आरंभिक बचपन शिक्षक की क्षमता को बढ़ाती हैं।

एसआरएफ शैक्षिक वंचन को संबोधित करने के लिए अतिरिक्त निधीकरण है और यह किंडरगार्टन सेवा में शामिल होने वाले बच्चों के समूह की शैक्षिक आवश्यकताओं के प्रति लक्षित है। एसआरएफ अनेकानेक कार्यक्रमों और समर्थनों की सुलभता प्रदान करता है, जो प्राथमिकतायुक्त तीन क्षेत्रों में बच्चों के सीखने और विकास के समर्थन के लिए शिक्षकों व परिवारों की कुशलताओं और ज्ञान का निर्माण करते हैं: संचार (भाषाई विकास), सकुशलता (सामाजिक भावनात्मक), और पहुंच व समावेश।

और अधिक जानकारी के लिए स्कूल रेडिनेस फंडिंग पर जाएँ।

©विक्टोरिया राज्य (शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग) 2021. जहाँ अन्यथा उल्लेख किया गया हो, उसके अतिरिक्त इस दस्तावेज में निहित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत प्रदान की गई है। कृपया संपूर्ण कॉपीराइट नोटिस देखें।